# व्यवस्थाएं ध्वस्त, आज से शुरू होगी आर्मी भर्ती

## 15 जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 21 अगस्त, विदिशा जिला मुख्यालय पर आज 22 अगस्त की रात्रि 12 बजे से अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.खेल स्टेडियम परिसर में आयोजित भर्ती प्रक्रिया के लिए तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं.अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने गुरूवार की सायंकाल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्वों के निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश व सावधान सतर्कता पर विशेष प्रकाश डाला और नियत ड्यूटी पाइंट पर मुस्तैद चौकन्ना रहने निर्देशित किया है.**

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आर्मी भर्ती रैली प्रक्रिया के संपादन हेतु विभागीय जिलाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समीक्षात्मक बैठक के माध्यम से जायजा लिया है.उन्होंने कहा है कि सभी विभागों के द्वारा कार्यों के संपादन की रिहर्सल की गई है आर्मी आफीसरों के द्वारा जिन कार्यों को करने के लिए बोला जाए उन्ही कार्यो को करें. प्रशासनिक दृष्टिकोण से सभी विभागों के जिलाधिकारी, कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया में सहयोग हेतु कृत संकल्पित है.अपर कलेक्टर श्री डामोर ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड पर अभ्यर्थियों के लिए किए गए प्रबंधो तथा सहायता केन्द्रो और उपरोक्त दोनो स्थलों से भर्ती स्थल खेल स्टेडियम परिसर तक आने जाने के लिए किए गए वाहनो के प्रबंध, मार्ग पर लगाए गए साइनेज बोर्ड, अभ्यर्थियों को सस्ती दर पर होटल लॉज, धर्मशाला में रूकने के जानकारी बस स्टेण्ड व रेल्वे स्टेशन पर किए गए प्रदर्शन हेतु सूचना बोर्ड, आटो से आने जाने के लिए निर्धारित किराया के अलावा रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड तथा खेल स्टेडियम परिसर में चिकित्सीय व्यवस्था के साथ-साथ भर्ती के दौरान दस्तावेंजो के सत्यापन कार्यो के लिए तैनात किए गए कर्मचारियो तथा कंट्रोल रूम और स्थायी, अस्थायी क्षेत्रो में साफ सफाई, शौचालय तथा बिजली की आपूर्ति इत्यादि के साथ-साथ चिकित्सीय सुविधाएं और सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में पृथक-पृथक जानकारी प्राप्त की है.



### कलेक्ट्रेट में संचालित कंट्रोल रूम

आर्मी भर्ती प्रक्रिया से संबंधित तमाम जानकारियां प्राप्ति और संप्रेषण के लिए कंट्रोल रूम में प्रबंधन सुनिश्चित किए गए हैं.कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में संचालित कंट्रोल रूम का संपर्क नम्बर 07592-181 या 07592-237880 है जबकि मोबाइल नंबर 7400507766 है.कंट्रोल रूम में तिथिवार तीन-तीन पॉलियों में अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है.

### व्यवस्थाएं ध्वस्त, सड़क को किया वनवे

आर्मी भर्ती रैली को लेकर जो इंतजाम किये गये हैं वे ध्वस्त होते नजर आ रहे हैं, जहां स्टेडियम में आर्मी भर्ती की प्रक्रिया होना थी लेकिन वहां पर व्यवस्थायें नहीं हो पायीं ऐसे में शहर की सड़कों पर ही अभ्यर्थियों को दौड़ाया जायेगा. जिसके चलते शहर के कई मार्गों पर बेरीगेटस लगाकर प्रतिबंधित कर दिया गया है. जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है.

### अभ्यर्थियों हेतु जिलेवार शेड्यूल

विदिशा जिला मुख्यालय पर आर्मी भर्ती रैली प्रक्रिया 22 अगस्त से शुरू होगी जो एक सितम्बर तक जारी रहेगी जिसमें 15 जिलों के अभ्यर्थियों हेतु आयोजित आर्मी अग्नि वीर भर्ती रैली में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिलेवार नियत तिथि को उपस्थित होने की सूचनाएं पूर्व में ही प्रेषित की गई है.आर्मी भर्ती रैली प्रक्रिया के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी ने बताया कि विदिशा जिला मुख्यालय के खेल स्टेडियम परिसर में 22 अगस्त को बैतूल जिले के 634 अभ्यर्थी शामिल होंगे. शनिवार 23 अगस्त को छिंदवाडा के 373, पन्ना के 193 और नरसिंहपुर के 191 अभ्यर्थी शामिल होंगे. रविवार 24 अगस्त को पांर्डुना के 48, हरदा के 53, गुना के 228 और राजगढ़ जिले के 361 अभ्यर्थी शामिल होंगे.सोमवार 25 अगस्त को आयोजित आर्मी भर्ती प्रक्रिया में पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों में से राजगढ़ जिले के 747 शामिल होंगे.जबकि मंगलवार 26 अगस्त को नर्मदापुरम के 450, अशोकनगर के 49 और दमोह जिले के 200 अभ्यर्थी शामिल होंगे. इसी प्रकार बुधवार 27 अगस्त को सीहोर जिले के 769, विदिशा के 280, भोपाल के 229 तथा रायसेन जिले के 192 अभ्यर्थी शामिल होंगे.इसके अलावा 29 अगस्त को पूर्व उल्लेखित सभी जिलो के 842 तथा शनिवार 30 अगस्त को 893 अभ्यर्थी शामिल होंगे. मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ राज्य के सभी जिलो के अभ्यर्थियों हेतु दो दिन भर्ती रैली प्रक्रिया का आयोजन किया गया है तदानुसार 31 अगस्त को 595 अभ्यर्थी और सोमवार एक सितम्बर को 229 अभ्यर्थी भर्ती रैली प्रक्रिया में शामिल होंगे.

# ग्रामीणों ने की डीपी लगवाने की मांग, कई बार दे चुके आवेदन, नहीं हुई सनवाई

## बिजली न होने के चलते गांव वाले झेल रहे हैं परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 21 अगस्त,ग्राम बरेला खेड़ा के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और गांव में डीपी रखवाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया.ग्रामीणों का कहना था कि बिजली न होने के कारण वह काफी परेशान हैं और कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है.**

ग्राम बरेला खेड़ा के ग्रामीण हरि सिंह, उधम सिंह, श्याम लाल, बाबूलाल, राजा, लखन और बबलू आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से बिजली न होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने बताया कि गांव में कई लोग रहते हैं लेकिन अब तक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है.उन्होंने कहा कि दूसरे मोहल्ले से बिजली तार डालकर उनके घरों तक लाइट आई है, लेकिन बार-बार डीपी जल जाने के कारण गांव के लोगों ने उनके मोहल्ले में लाइट काट दी गई है और उनके गांव तक पांच खंबे लग जाएंगे तो हमारे गांव तक बिजली पहुंच जाएगी.कई बार आवेदन देने के बावजूद भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है.हम लोग अंधेरे में रहकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं. उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द गांव तक खंबे लगाकर डीपी रखकर बिजली समस्या को दूर किया जाए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## थाना प्रभारी के स्थानांतरण पर दी विदाई

**नवभारत न्यूज**

**हैदरगढ़**,थाना हैदरगढ़ में पदस्थ थाना प्रभारी पूजा रावत का स्थानांतरण होने पर समस्त स्टाफ पुलिस स्टाफ एवं पत्रकार बंधुओ ने विदाई एवं शुभकामनाए दी सभी ने साल श्रीफल भेंट किए एवं नवागत थाना प्रभारी केके पवार का स्थानांतरण पुलिस थाना हैदरगढ़ होने पर समस्त पुलिस स्टाफ पत्रकारों ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं.इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक पत्रकार आदि उपस्थित रहे.

## क्षत्रिय कुर्मी महासभा के ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए बैठक की गई बैठक ग्राम रूपेटी मैं संपन्न हुई जिसमें हनोता, छेवला,सेरवासा मे जिला अध्यक्ष शर्माबाबू कुर्मी, पंचमसिंह,राजेश ,मुकेश,भारत के नेतृत्व मे संपन्न हुई.जिसमें ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई.रूपेटी में राजेश कुर्मी,हनोता में रामचरण कुर्मी,छेवला में देवराज कुर्मी,सेरवासा में देशराज कुर्मी को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस दौरान वीरेंद्र कुर्मी,बबलू कुर्मी,भारत सिंह कुर्मी,श्रीकांत कुर्मी एवं समस्त समाज बंधुओ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी.

## एक नजर में

### बाइक हुई चोरी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी कोर्ट परिसर के सामने एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है.जानकारी के अनुसार कुआंखेड़ी निवासी मनमोहन अहिरवार बाइक लेकर बुधवार को विदिशा आए थे और कोर्ट के बाहर दोपहर 1 बजे बाइक खड़ी की थी. 3 बजे जब वह वापस लौटकर आए तब तक बाइक चोरी हो चुकी थी.उन्होंने आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें बाइक चोरी होने की तस्वीरें कैद हुई हैं. फुटेज में एक युवक बाइक चुराते हुए कैमरे में कैद हुआ है. सिविल लाइन थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया गया है.

### विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**गुरूवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अपना घर आश्रम में आश्रय पा रहे वरिष्ठ प्रभुजनों का दोपहर में भोजन के समय सम्मान किया गया.इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विदिशा के संघ चालक खुमानसिंह रघुवंशी उपस्थित थे.सर्वप्रथम आश्रम के वरिष्ठ प्रभु जनों को तिलक लगाया गया और आश्रम के अंग वस्त्र से सम्मान किया गया, उन्हें मिष्ठान खिलाया गया.इस अवसर पर आश्रम के सचिव जीएस चौहान, अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा, प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू एवं सेवा साथी उपस्थित थे.



## लटेरी बीएमओ की प्रताड़ना से परेशान होकर ब्लॉक के सभी सीएचओ ने खोला मोर्चा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**लटेरी के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अभिषेक उपाध्याय की प्रताड़ना से परेशान होकर ब्लॉक के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. गुरुवार को लटेरी ब्लॉक के करीब 15 से अधिक सीएचओ जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं,सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे.उन्होंने सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के नाम जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपा है.ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि संविदा पर कार्यरत किसी भी मेडिकल ऑफिसर को वित्तीय प्रभार न सौंपा जाए.

## परिजनों की याद में किया गया पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मंगलवार को विद्युत वितरण कंपनी, महाप्रबंधक कार्यालय परिसर, विदिशा में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर लगभग 55 फलदार, पुष्पदार एवं छायादार पौधे लगाए गए.प्रत्येक वृक्ष की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड, गोबर खाद एवं कीटनाशक दवा की व्यवस्था भी गायत्री परिवार द्वारा की गई.**



बरसते पानी के बावजूद गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था. भीगते हुए भी सभी ने पूरे जोश और श्रमदान के साथ वृक्षारोपण कर यह संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा और हरियाली का संकल्प किसी भी परिस्थिति में कमज़ोर नहीं होना चाहिए.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी रहे. अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सत्येंद्र कुमार मौर्य, विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के प्रबंध निदेशक तथा जिला समन्वयक गायत्री परिवार श्री मुकेश तिवारी भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर गायत्री परिवार के सभी सक्रिय कार्यकर्ता भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि अनेक परिवारों ने अपने परिजनों की स्मृति में वृक्षारोपण किया.प्रत्येक परिजन का नाम हॉर्ट रिकॉर्ड में अंकित कर वृक्ष को समर्पित किया गया.



## लिफ्ट मशीन लगाते समय मजदूर चौथी मंजिल से नीचे गिरा, मौत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,गुरूवार की दोपहर डंडापुरा में निर्माणाधीन मकान पर लिफ्ट मशीन लगाई जा रही थी.इसी दौरान 32 वर्षीय मजदूर विनोद रैकवार चौथी मंजिल से नीचे गिर गया. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया.उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.साथी मजदूरों ने बताया कि वे सभी इसी मशीन पर काम करते थे और हादसा दोपहर में हुआ है.

## करणी सेना की तहसील कार्यकारिणी हुई गठित

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** करणी सेना की नवीन तहसील कार्यकारिणी को लेकर बैठक का आयोजन बालाजी धाम, बड़ोह में किया गया. सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर फूल माला पहनकर बैठक प्रारंभ की जिसमें नवनियुक्त करणी सेना, पठारी के तहसील अध्यक्ष संजय सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुई.बैठक में, समस्त राजपूत समाज के गणमान्य सदस्यों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया. बैठक का मुख्य उद्देश्य करणी सेना, पठारी की नवीन तहसील कार्यकारिणी का विधिवत गठन करना था. कार्यकारिणी के गठन के उपरांत, नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष संजय सिंह चौहान (पटरा) एवं करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया.बैठक में, समाज की एकजुटता के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि केवल आपसी एकता और सामंजस्य से ही समाज अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा सकते है.समाज के उत्थान हेतु आवश्यक विभिन्न सामाजिक कार्यों, जैसे शिक्षा, संस्कार, आपसी सहयोग, तथा समाज हित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई.जिसमें 24 अगस्त को विदिशा में होने वाले भुजरिया मिलन समारोह के कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई जिसमे भक्तों ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर बड़ी संख्या में भुजरिया मिलन समारोह में अधिक से अधिक पहुंचना चाहिए.इस अवसर पर, सभी उपस्थित सदस्यों ने समाज के गौरव को बनाए रखने और उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस दौरान अंकित राजपूत, हनुमत राजपूत, मनीष राजपूत, रुद्र प्रताप सिंह राजपूत, नितिन सिंह राजपूत, जितेंद्र राजपूत, राजपाल राजपूत, रवि राजपूत ,भानु राजपूत आदि करणी सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे.



## दांगी क्षत्रिय समाज का हुआ भुजरिया मिलन समारोह

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**गुरूवार को अग्रवाल धर्मशाला में दांगी क्षत्रीय समाज विदिशा का भुजरिया मिलन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें विदिशा जिले से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए.सभी ने एक दूसरे को भुजरियों की शुभकामनाएं दीं.सभी ने समाज की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए कुछ निर्णय लिए.जिनमें प्रमुख रूप से समाज में होने वाले गंगाजली तेरहवीं के भोज को सीमित रूप से करने की बात पर सहमति बनी, 50 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों की अगर मृत्यु होती है तो उनका मृत्यु भोज नहीं किया जाएगा, समाज में आर्थिक कमजोर लोगों की मदद सभी समाजजन मिलकर करेंगे एवं उनके बच्चों की शिक्षा सही तरीके से हो सके इसके लिए समाज एकत्रित होकर काम करेगी, आगामी चुनाव में पूरी समाज संगठित होकर निर्णय करेगी आदि मुद्दों पर सर्व सम्मति से निर्णय किया गया.इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर समाज की धर्मशाला बनाने का संकल्प भी किया गया.



## जिला बदर के आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं.गौरतलब हो कि विदिशा कोतवाली थाना में दर्ज विभिन्न अपराधों में लिप्त अकरम मंसूरी पुत्र जलाल मंसूरी को विदिशा जिला एवं समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमा क्षेत्रों से 1 वर्ष तक के लिए जिला निष्कासन के आदेश जारी किए गए हैं. अकरम के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामले थाने में दर्ज हैं जहां वर्ष 2007 से लेकर 2025 तक के दौरान आधा दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं.



## खेल और विज्ञान में ओलंपस हाई के विद्यार्थियों का परचम



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ओलंपस हाई के बच्चे भोपाल में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम रहे साथ सीहोर में चेस में कांस्य पदक और राज्य स्तरीय के लिये क्वालिफाई हुये.ओलंपस हाई स्कूल के विद्यार्थी नित प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं. स्कूल के विद्यार्थी पहर कुमार और अनंजय सिंह ने भोपाल के पोदार स्कूल में इंटर स्कूल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में 18 से भी अधिक स्कूलों के मॉडल को पीछे छोड़ ओलंपस हाई के मॉडल स्मार्ट होम को विजय दिलाई और प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं दूसरी ओर चेस में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की डिविजनल प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र निकुंज शर्मा ने बाजी मारते हुए कांस्य पदक जीता और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाइ किया. बच्चों की इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बधाई प्रेषित कीं.


◆ शव वाहन / फ्रीज़र
◆ ब्लड ग्रुप लिस्ट
◆ मरीज इलाज उपकरण
◆ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
◆ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो RADIO

प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से


**लापरवाही** | **हाट-बाजार में दुकानदार हो रहे परेशान**

## बस स्टैंड परिसर में जमीन से निकले पानी के फव्वारे

**नवभारत न्यूज**

**सांची,**लगातार हो रही भारी बारिश से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं गुरुवार को हाटबाजार के दिन बसस्टैंड परिसर में अचानक जमीन से पानी के फव्वारे निकलने लगे. यह नजारा देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.



गुरुवार को नगर सहित आसपास व दूरदराज के क्षेत्रों से लोग हाटबाजार में रोज़ी-रोटी कमाने विभिन्न सामानों की दुकानें लगाते हैं.नगर परिषद क्षेत्र में हाटबाजार के लिए अलग स्थान न होने से दुकानदार बसस्टैंड परिसर की सड़कों पर दुकानें लगाते हैं.इसी दौरान अचानक सीसी रोड व दुकानों के नीचे से पानी फूटकर निकलने लगा, जिससे दुकानों के स्थान पर पानी भर गया और खरीदी-बिक्री प्रभावित हो गई.प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि यह पानी आसपास भरे बारिश के पानी के दबाव से निकल रहा है, तो कुछ लोगों का मानना था कि पानी की पाइपलाइन फूट गई होगी.वहीं कई लोगों ने सीसी रोड की घटिया निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए.बहरहाल, पानी निकलने से दुकानदारों को अपनी दुकानें लगाने में दिक्कत उठानी पड़ी और बाजार का माहौल अव्यवस्थित रहा.

## पीपलखेड़ा के छात्रों की स्वास्थ्य जांच

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपलखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया.विद्यालय में आयोजित इस परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्रों की सुनने की क्षमता, आंखों की रोशनी, दांत, हृदय संबंधी रोग, दिव्यांगता तथा अन्य गंभीर बीमारियों की जांच की गई. चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी छात्र में गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं, तो विभाग द्वारा उनका समुचित इलाज और यहां तक कि आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जाएगा.जांच के दौरान छात्रों को प्राथमिक दवाइयों का भी वितरण किया गया.इनमें मल्टी विटामिन, बी कांप्लेक्स, सिटराजिन, फोलिक एसिड जैसी औषधियां शामिल थीं.